राम का नाम लो या श्याम की पूजा कर लो

राम का नाम लो,
या श्याम की पूजा कर लो,
कोई अंतर नही दोनो मे,
भरोसा करलो.....

जीवन मे जप लो बस दो ही नाम,
राम कहो कहलो श्याम,
सुमिरन जो दिन रैन इनका करे,
संकट रहेगा उनसे परे,
राम का नाम लो या श्याम की...

राघव ने रावण का तोड़ा है मान,
माधव ने छीने है कंस के प्राण,
एक तो बृज मे माखन चुराये,
दूजे ने बेर शबरी के खाये,
राम का नाम लो या श्याम की.....

राम का नाम लो,
या श्याम की पूजा करलो,
कोई अंतर नही दोनो मे,
भरोसा करलो.....

स्वर : अनुराधा पौडवाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32792/title/ram-ka-naam-lo-ya-shyam-ki-puja-kar-lo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |